# <u>Awards, Recognitionsand achievements</u>

- One day workshop on drug abusing among youth in Kusmura by the date of 19-10-2024. We know that awareness programmes are must for the societyabout addiction asNehru





Yuva Kendra conductedan event by the support of‘MY



BHARAT’. The program was being organized in the govt. girls’ school kusmura,where the Guests appealed the youthto

keep distance from the addiction and told them the facts about the effects of addiction among society, especially among youth.

- The organization conducted an adoption ceremony where Mr. Radheshyam Rathiya (Lok Sabha MP) was the chief







guest at

there. This adoption ceremony held on September 2024 and 5 children were being adopted by the people.People are becoming aware continuously through these programmes and we should thank full to them for it.

- The organization is giving its best in sports also. The special Olympic for disabledchildren was held in New Delhi, where the girls of Samarth cum Gharounda (Unnayak Sewa Samiti)



दैनिक क्रांतिकारी

10 रायगढ़, रविवार, 04 फरवरी 2024

## स्पेशल ओलंपिक में उन्नायक सेवा समिति के घरौंदा की बालिकाओं ने मचाई धूम

**सोनम और स्वर्णलता ने राष्ट्रीय फ्लोर बाल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया**

रायगढ़। उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित समर्थ कम घरौंदा के बालिकाओं द्वारा कोच सोनम एवं गाइड स्वर्णलता चेना के साथ छत्तीसगढ़ टीम के प्रतिनिधित्व करते हुए स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

स्पेशल ओलंपिक भारत दिव्यांगों के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन करता है। विगत दिनों में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा राज्य स्तर पर नेशनल खेलने हेतु खिलाड़ियों का चयन दुर्ग में आयोजित किया गया था। जिसमें सम्मिलित राज्य के समस्त टीमों से उभर कर हुए खिलाड़ियों से उन्नायक द्वारा प्रस्तुत रायगढ़ की टीम ने अव्वल तो रही है और रायगढ़ टीम को रिप्रेजेंट कर रहे 4 खिलाड़ी में से 4 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम को भी रिप्रेजेंट कर रहे थे। खिलाड़ी जो गोल कीपर के रूप में चयनित हुई थी वह तबियत खराब होने पर नहीं जा सकी उनकी स्थान पर स्टैंड बाय खिलाड़ी के सहारे नेशनल खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने संघर्ष करते हुए भी 3 री स्थान प्राप्त किया है। जो की राज्य के साथ साथ हमारे जिले को भी गर्व महसूस करने का मौका प्रदान किया है। उक्त प्रतियोगिता में हरियाणा चैंपियन, गुजरात रनर्स अप तथा छत्तीसगढ़ 3री स्थान प्राप्त किया है।

उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित श्री चक्रधर बालिका गृह के कत्थक टीम श्रीमती सोमा दास के निर्देशन में नृत्य की शिक्षा लेती है उनके द्वारा बिलासपुर में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उक्त खिलाड़ियों एवं नृत्य शिल्पियों को कल उप संचालक समाज कल्याण शिव शंकर पांडेय एवं उन्नायक सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया है।

got third rank in floor ball competition.



2024 मूल्य 3 रूपये पृष्ठ 4 4

गढ़, बरमकेला, खरसिया, कोरिया, जांजगीर-चांपा, महाराष्ट्र

# उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित समर्थ कम घरौंदा की बच्चियों ने रच दिया इतिहास

## दिल्ली में आयोजित स्पेशल ओलंपिक में राष्ट्रीय फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में बच्चियों ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**रायगढ़ (दैनिक रायगढ़ अंचल) 04 फरवरी 2024.** दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित स्पेशल ओलंपिक में राष्ट्रीय फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए रायगढ़ की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता की जानकारी देते हुए कोच कु सोनम एवं गाइड श्रीमती स्वर्णलता जेना ने जानकारी देते हुए बताया ये बच्चियां उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित समर्थ कम घरौंदा में निवास करती है। विदित हो कि उन्नायक सेवा समिति के डायरेक्टर सिद्धार्थ शंकर मोहंती बेबस बेसहारा बच्चो के जीवन को रोशन करने का कार्य बखूबी से कर रहे है। ऐसे बच्चो के जीवन की मूलभूत आवश्यकता पूरी करने के साथ साथ सिद्धार्थ मोहंती विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले बच्चो को भीं प्रोत्साहित करने का काम करते है। यही वजह है कि समर्थ कम घरौंदा में निवास करने वाली इन बच्चियों ने दिल्ली में आयोजित ओलंपिक में तीसरा स्थान हासिल करते हुए छत्तीस गढ़ का नाम रोशन किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत दिव्यांगों के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन करता है। विगत दिनों दुर्ग में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा राज्य स्तर पर नेशनल खेलने हेतु खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया था। जिसमे प्रदेश भर के जिलों से आई टीमों ने भाग लिया था। जिसमे उन्नायक सेवा समिति रायगढ़ से गई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।रायगढ़ जिले से प्रतिनिधित्व कर रहे चारो खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व किया। इनमे से एक खिलाड़ी गोल कीपर के रूप में चयनित हुई थी लेकिन स्वास्थ्य गत कारणों की वजह से सम्मिलित नही हो सकी।

अतिरिक्त खिलाड़ी के जरिए खेल के मैदान में उतरी और कड़े संघर्ष में तीसरा स्थान हासिल किया। दिव्यांग जनों के लिए समर्पित संस्था समर्थ कम घरौंदा में निवास रत इन बच्चियों गर्वीली उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के साथ साथ रायगढ़ जिला गौरांवित हुआ। इस प्रतियोगिता मे हरियाणा राज्य की टीम चैंपियन, गुजरात राज्य की टीम उप विजेता एवम छत्तीसगढ़ की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

Other Recognitions---:



छत्तीसगढ़ शासन

# महिला एवं बाल विकास विभाग

## प्रशस्ति पत्र

**नई उम्मीद**

**विशेष आवश्यकता वाले बच्चो के लिए बालगृह**

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 की धारा 34 के तहत् पंजीकृत तथा राज्य शासन द्वारा अनुदानित "नई उम्मीद" बालगृह, रायगढ़ द्वारा बच्चों को आक्यूपेशनल थैरपी, स्पीच थैरपी, विशेष शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विकास के सभी अवसर उपलब्ध कराने हेतु किये गये अनुकरणीय प्रयास के लिये सम्मानित किया जाता है।

**दिनेश श्रीवास्तव**
सचिव - महिला एवं बाल विकास विभाग
छ.ग.शासन

**श्रीमती रमशीला साहू**
मंत्री - महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग
छ.ग.शासन

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

## बाल गौरव सम्मान

## प्रशस्ति पत्र

कु./श्रीमती/श्री/संस्था ......उन्नायक सेवा समिति......

जिला......रायगढ़......ने बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण अंतर्गत ......बाल सुरक्षा...... क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

आपका बच्चों के प्रति संवेदनशील, सशक्त एवं निष्ठापूर्वक किया गया अभिनंदनीय कार्य राष्ट्र के लिए आदर्श बनें।

आपके उज्जवल भविष्य की कामना है।

शताब्दी पाण्डे

**शताब्दी सुबोध पाण्डे**
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

दिनांक : 17 जून 2016
स्थान : न्यू सर्किट हाऊस, रायपुर

**रमशीला साहू**
मंत्री - महिला एवं बाल विकास विभाग
छ.ग. शासन